-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 28.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कमासिन क्षेत्र अन्तर्गत कस्बे में एक व्यक्ति की फरसे से वार कर हत्या करने वाले अभियुक्त को थाना कमासिन पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से आलाकत्ल फरसा बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बाँदा द्वारा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाँक 28.10.2024 को थाना कमासिन पुलिस द्वारा फरसे से वार कर व्यक्ति की हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 27.10.2024 को थाना कमासिन क्षेत्र के कस्बा कमासिन का रहने वाला शिवपूजन वर्मा द्वारा कस्बा कमासिन के ही रहने वाले राधेश्याम वर्मा की किसी बात की कहासुनी को लेकर फरसे से वार कर घायल कर दिया गया जिसे सीएचसी कमासिन ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस सम्बन्ध में थाना कमासिन पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को घटना के 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त फरसा बरामद किया गया।

बरामदगी-

- हत्या की घटना में प्रयुक्त फरसा

गिरफ्तार अभियुक्त

1. शिवपूजन वर्मा पुत्र देउवा निवासी कस्बा व थाना कमासिन जनपद बांदा।